| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Unit-1-A | 10 | 3.5 |
| Unit-1-B | 25 | 5.5 |
| Unit-1-C | 40 | 12 |
| Unit-2-A | 10 | 4.25 |
| Unit-2-B | 25 | 9.5 |
| Unit-2-C | 30 | 16 |
| Unit-3-A | 20 | 5.25 |
| Unit-3-B | 20 | 7.75 |
| Unit-3-C | 20 | 10 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 73.75 |
| Total Obt. Marks in Words | | Seventy Three+ ¾ |

PART - I

Paper Code

**P-3**

62168

Medium of Exam

हिन्दी

Hindi ●

English ○

mination of the candidate shall be
andidate will be liable-
i.e. Name, Address, Roll Number,

the questions.
इत्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि
बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द
संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में
ा।

he number of pages) then bring it
iable for that.
दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका

Ball Point Pen before answering.
e Cover Sheet (OMR sheet).
ानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

ng details have to be filled by the

ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

marks are indicated in each unit

यूनिट एवं भाग में अंकित हैं।
ish versions of the question, the

रूपान्तर मान्य होगा।
guage and script, unless directed

दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के

should not write answer outside

बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के

ers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।
y other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
ी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
If any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair** applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from

है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

ndidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or re examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का पूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

## CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
## अभ्यर्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Please note that the following act is strictly prohibited and will be treated as unfair means. The entire examination of the candidate shall be cancelled. Also, he/she may be debarred by the Commission from all the future examinations for which the candidate will be liable-**

- **Writing any mark of identity inside the Question-Answer Booklet (including space for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile number etc. However in case of letter writing words like XYZ, ABC etc. can be used.**
- **Writing name of God, religious sign, irrelevant sentence, words and numbers other than the answers of the questions.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें (XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है) । कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक आदि भी न लिखें । ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।

### IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in sealed polythene to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद पॉलिथीन में प्रदान की गई है ।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of invigilator at once and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो तुरन्त अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet (OMR sheet) of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet (OMR sheet).
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल पॉइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें । कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं ।

(D) This Cover Sheet (OMR sheet) consists of Two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet (OMR sheet) is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है । ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) कहीं से कटे-फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो ।

(E) The question paper is divided into different units/parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and part.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट/भागों में विभाजित है । प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित हैं ।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English versions of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से **अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा** ।

(G) Attempt answers either in **Hindi or English**, not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **हिन्दी या अंग्रेजी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं । भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो ।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of Question-Answer Booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें । बॉर्डर लाइन से बाहर उत्तर नहीं लिखें । बॉर्डर लाइन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा ।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए । इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं ।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा ।

(K) Mobile Phone, watch, smart watch or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
मोबाइल फोन, घड़ी, स्मार्ट वॉच या अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022,** other laws applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जायेगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

**Special Note :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**विशेष नोट :**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना अंकित की जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।

SPACE FOR ROUGH WORK

## PAPER-III : GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

**Total Marks : 200**

**Total Questions : 48**

**Unit – I** **(75 Marks)**

**Part – A** **Marks : 10**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries 2 marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. In the context of federal system, what are the provisions regarding Residuary matters in the Constitution of India ?
भारत के संविधान में संघीय व्यवस्था के संदर्भ में अवशिष्ट विषयों के लिए क्या प्रावधान हैं ?

भारतीय संघीय व्यवस्था मे अनुच्छेद 248 के तहत अवशिष्ट विषय (जो अनु. 246 के तहत विषय आवरण मे शामिल नही है) केन्द्र सरकार मे निहित होगे व इन पर नीति निर्माण का अधिकार भी केवल संसद को होगा।

1.25(One¼)
(Q.U1-A-1)

2. Regarding the Bharatiya Adivasi Party's performance in the Rajasthan Vidhan Sabha elections held in 2023, answer the following questions :
(a) Total seats contested by BAP
(b) Total seats won by BAP
(c) Percentage of valid votes secured by BAP
(d) Percentage of valid votes secured by BAP in seats contested by it
2023 में आयोजित राजस्थान विधान सभा चुनाव में, भारतीय आदिवासी पार्टी (BAP) के प्रदर्शन से संबंधित निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :
(a) बी.ए.पी. द्वारा लड़ी गई कुल सीटें
(b) बी.ए.पी. द्वारा जीती गई कुल सीटें
(c) बी.ए.पी. द्वारा वैध मतों का प्राप्त प्रतिशत
(d) बी.ए.पी. द्वारा लड़ी गई सीटों पर वैध मतों का प्राप्त प्रतिशत

(a) 7 सीटें ✗
(b) 3 सीटें

0 (Zero)
(Q.U1-A-2-a)

0.5(Zero½)
(Q.U1-A-2-b)

0 (Zero)
(Q.U1-A-2-c)

0 (Zero)
(Q.U1-A-2-d)

3. What is 'Global Stocktake (GST)' ?

'ग्लोबल स्टॉकटेक (जीएसटी)' क्या है ?

यह "पेरिस समझौते 2015" के तहत अपनाई गई अवधारणा है जिसके तहत वैश्विक तापन की वृद्धि दर को 1.5°C तक सीमित रखना है।
हाल ही में कॉप-28 में ग्लोबल स्टॉकटेक टेस्ट हेतु नवीन प्रावधान / प्रयास स्थापित किए गए हैं।

0.75(Zero¾)
(Q.U1-A-3)

4. Why the following persons were recently in the news ?

(i) Idashisha Nongrang

(ii) Alok Shukla

निम्नलिखित व्यक्ति हाल ही में समाचारों में क्यों थे ?

(i) इदाशिशा नोंगरांग

(ii) आलोक शुक्ला

0 (Zero)
(Q.U1-A-4-i)

0 (Zero)
(Q.U1-A-4-ii)

5. Who are the Shompen tribe ? Why this tribe was recently in news ?

शोम्पेन जनजाति कौन हैं ? यह जनजाति हाल ही में समाचारों में क्यों थीं ?

शोम्पेन जनजाति अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह में रहने वाली आदिवासी जनजाति, जो जंगलों में निवास करती है व प्राचीन जीवन शैली धारण किए हुए हैं। मुख्य धारा से अलगाव की स्थिति।
हाल ही में लोकसभा चुनाव 2024 में प्रथम बार शोम्पेन जनजाति द्वारा मतदान किया गया है।

1 (One)
(Q.U1-A-5)

**Unit – I/Part – B** **Marks : 25**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

6. Explain the principle of 'Reasonable Classification' implied in Article 14 of the Constitution of India.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित 'युक्तियुक्त वर्गीकरण' के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए ।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 "विधि के समक्ष समता" की व्यवस्था करता है अर्थात (i) विधि की दृष्टि से सभी समान (ii) विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग की अनुपस्थिति (iii) कोई व्यक्ति विधि के ऊपर नहीं

परन्तु न्यायालय द्वारा ~~विधायन~~ "विधि के समान संरक्षण" के तहत युक्तियुक्त "वर्गीकरण" की इजाजत दी है अर्थात (i) सरकार (विधि) समान व्यक्तियों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित करेगी।

(ii) सरकार वर्ग विशेष हेतु विशेष प्रावधान कर सकती है परन्तु यह वर्गीकरण न्यायोचित, तार्किक व युक्तिसंगत होना चाहिए (ii) वर्गीकरण का आधार राजनीतिक न होकर समाज कल्याण / समता व न्याय प्राप्त करना हो. उदा. 39(B) व 39(C) के तहत वर्गीकरण (iii) वर्गीकरण प्राकृतिक न्याय के अनुकूल हो।

1.75(One¾)
(Q.U1-B-6)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

7. In the context of people's movements, discuss the 'Non-Party Political Process' in India.

जन–आंदोलनों के संदर्भ में, भारत में 'गैर–दलीय राजनीतिक प्रक्रिया' का विवेचन कीजिए।

भारत में गैर दलीय राजनीतिक प्रक्रिया मुख्य NGO, सिविल सोसायटीज, दबाव समूह, मीडिया समूह द्वारा संचालित – ये जन आवश्यकताओं व महत्वाकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए सरकार पर औचित्यपूर्ण शासन संचालन हेतु दबाव बनाते हैं

| लाभ | सीमाएं |
|---|---|
| (i) नागरिक अधिकारों की रक्षा | (i) कभी 2 सरकार पर अनावश्यक दबाव |
| (ii) पर्यावरण सुरक्षा, मीडिया स्वतंत्रता | (ii) जन आंदोलन राजनीतिक हितों से प्रभावित / प्रेरित |
| (iii) सरकार की निरंकुशता पर दबाव | (iii) जन आंदोलन समूहों की सीमितता |
| (iv) शासन – नागरिक के मध्य सेतु की कड़ी | |

1(One)
(Q.U1-B-7)

8. Mention the major 'subjects' given to urban local governance institutions under Article 243-W of the Constitution of India.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 243–ब के अंतर्गत नगरीय स्थानीय शासकीय संस्थाओं को प्रदान किए गए मुख्य 'विषयों' का उल्लेख कीजिए।

74 वें संविधान संशोधन के तहत नगरीय स्थानीय शासकीय संस्थाओं को संवैधानिक मान्यता प्रदत्त, अनुसूची 12 के तहत विषय प्राप्त

(i) पेयजल आपूर्ति
(ii) स्वच्छता
(iii) सड़क व परिवहन
(iv) वाणिज्य
(v) आवासन व्यवस्था
(v) कृषि व संबद्ध क्षेत्र
(vi) माप तौल के पैमाने
(viii) न्यायिक प्रशासन
(ix) वन व वन्य जीव
(x) शिक्षा प्रबंध
(xi) उत्सव / मेलों का आयोजन / प्रबंधन
(xii) प्रशुल्क / जीव / भूमि
(xiii)

1.5(One½)
(Q.U1-B-8)

9. On what grounds the registration of Overseas Citizens of India (OCI) can be cancelled under the Citizenship Amendment Act, 2019 ? Against cancellation of citizenship, what rights do these citizens have ?
नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के अंतर्गत विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों का पंजीकरण किन आधारों पर रद्द किया जा सकता है ? नागरिकता रद्द होने के विरुद्ध, इन नागरिकों को क्या अधिकार प्राप्त हैं ?

(i) विदेशी राष्ट्र की नागरिकता ग्रहण कर ली
(ii) भारत के विरुद्ध गतिविधियों में संलग्न
(iii)

1.25(One¼)
(Q.U1-B-9)

नागरिक को अधिकार (i) नागरिकता रद्द करने के विरुद्ध अपील करने का अधिकार (ii) व्यक्तिगत सुनवाई व पक्ष रखने का अधिकार (iii) रद्दकरण अवैध होने पर पुनः नागरिकता प्राप्त करने का अधिकार

10. Write a note on India's performance at 77th Cannes film festival.
77वें कान फिल्म फेस्टिवल में भारत के प्रदर्शन पर एक टिप्पणी लिखिए।

0 (Zero)
(Q.U1-B-10)

## Unit – I/Part – C

**Marks : 40**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर 100-100 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं ।

11. Describe the Electoral process of members of Rajya Sabha.

राज्यसभा के सदस्यों की निर्वाचन-प्रक्रिया का वर्णन कीजिए ।

राज्यसभा संसद का उच्च सदन, यह संसद मे राज्यो को प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है।

अनु (80) मे राज्यसभा की सरंचना के संबंध मे प्रावधान –

वर्तमान मे सरंचना व 245 सदस्य, (अधिकतम 250)

सदस्यो का निर्वाचन तीन रूपो मे होता है

(i) प्रांतो से निर्वाचन व अधिकतम 238 सदस्यो का निर्वाचन वर्तमान मे 225 सदस्य निर्वाचित। ये सदस्य प्रांतीय विधानसभा के निर्वाचित सदस्यो द्वारा एकल संक्रमणीय मत प्रणाली व आनुपातिक प्रतिनिधित्व के तहत निर्वाचित किए जाते है।

मे प्रान्तो के लिए राज्यसभा सीटो का निर्धारण परिसीमन अधिनियम की ~~रीति के सह आ~~ सिफारिशो के आधार पर

(ii) संघ शासित प्रदेश व संघ शासित प्रदेशो मे "निर्वाचक मण्डल" का गठन किया जाता है। इस निर्वाचक मण्डल द्वारा सदस्यो का चयन। संघ शासित प्रदेशो से वर्तमान मे (8) सदस्यो का निर्वाचन किया जाता है।

(iii) राष्ट्रपति द्वारा मनोनयन व राष्ट्रपति द्वारा "साहित्य, कला, विज्ञान व समाज सेवा" के क्षेत्र मे से (12) सदस्यो का मनोनयन किया जाता है।

# सदस्यों का कार्यकाल (6) वर्ष होता है जिसके 1/3 सदस्य प्रत्येक 2 वर्ष में सेवानिवृत्त होते रहते हैं जिनकी जगह नवीन सदस्यों को निर्वाचित कर लिया जाता है।

निष्कर्ष: राज्य सभा सदस्यों का निर्वाचन अप्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है व यह एक स्थायी / निरंतर सदन है जिसे भंग / विघटन नहीं किया जा सकता है।

2.5(Two½)
(Q.U1-C-11)

Do Not Write Here
यहाँ कुछ नहीं लिखे

12. Discuss the process of 'Secularisation of Caste' and its impact.

'जाति के सेकुलरीकरण' की प्रक्रिया और उसके प्रभावों की विवेचना कीजिए।

जाति के सेकुलरीकरण से अभिप्राय जातियों में जातिगत निष्ठा, भेदभाव व अलगाववादी तत्वों को समाप्त कर जातीय समानता व जाति-निरपेक्षता स्थापित करना है।

(प्रक्रिया) - (i) विभेदक तत्वों के पहचान व अनुसंधान
व (ii) जाति आधारित भेदभावों व विशेषाधिकारों को यथासंभव समाप्त करने का प्रयास
(iii) जाति के राजनीतिकरण व राजनीति के जातिकरण को यथासंभव सीमित व समाप्त करना
(iv) संवैधानिक प्रावधानों को लागू करना
(v) कानून निर्माण व प्रभावी क्रियान्वयन
(vi) अल्पसंख्यकों व वंचितों का उत्थान सुनिश्चित करना
(vii) संसाधन आवंटन को नियमित करना

(प्रभाव) → जाति का सेकुलरीकरण कतिपय परिस्थितियों में समाज व राजनीतिक रूप को सहयोगी –
(i) समाज में "विभेदी प्रक्रिया" का अंत
(ii) अलगाववाद, क्षेत्रवाद की समस्या में कमी
(iii) "राजनीतिक न्याय" के आदर्श की प्रकृति
(iv) राजनीतिक परिदृश्य स्वस्थ, निर्णय जातिगत वोट बैंक को ध्यान में न रखकर मेरिट आधार पर संभव
(v) संसाधन आवंटन व समवितरण
(vi) सरकार द्वारा मुख्य व विकासशील मुद्दों पर ध्यान केन्द्रि
(vii) सामाजिक व राजनीतिक एकता

निष्कर्षतः जाति का राजनीतिकरण सेकुलराइजेशन एक निरन्तर गतिशील प्रक्रिया जो समाज व राजनीति को व्यापक रूप से प्रभावित करती है

2(Two)
(Q.U1-C-12)

13. Identify the distinguishing features of the first phase of electoral politics (1952-1971) in Rajasthan.

राजस्थान में चुनावी राजनीति के प्रथम चरण (1952-1971) की मुख्य विशेषताओं को चिह्नित कीजिए।

राजस्थान मे चुनावी राजनीति का प्रथम चरण मुख्यतः कांग्रेस के एकपक्षीय बहुमत व बिखरे विपक्ष का प्रतिनिधित्व करता है।

(i) प्रथम विधानसभा (1952-1957) व कांग्रेस मे आन्तरिक कलह व 160 सीटों पर मतदान जिसमें कांग्रेस को 82 सीटें प्राप्त, सामन्ती प्रभाव वाली रामराज्य परिषद को 25 सीटें प्राप्त। टीकाराम पालीवाल प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री बने, J.N व्यास किशनगढ़ उपचुनाव के बाद मुख्यमंत्री बने, 1954 मे विधायक दल की बैठक के बाद मोहनलाल सुखाड़िया मुख्यमंत्री बने

(ii) कांग्रेस का एकदलीय बहुमत निरन्तरता 1967 तक जारी

(iii) 1967 मे किसी दल को बहुमत प्राप्त नहीं, स्वतंत्र पार्टी व जनसंघ ने लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व मे सरकार बनाने का दावा किया परन्तु राज्य मे प्रथम बार राष्ट्रपति शासन लागू। राष्ट्रपति शासन के बाद पुनः मोहनलाल सुखाड़िया मुख्यमंत्री बने

(iv) बिखरा विपक्ष व इस दौरान रामराज्य परिषद, जनसंघ, स्वतंत्र पार्टी इत्यादि विपक्षी दल हुए परन्तु कोई एकल/संगठित रूप से कांग्रेस का विकल्प तैयार नहीं कर पाया

(v) सामन्ती प्रभाव व प्रारंभिक चरण मे राजस्थान के राजतंत्रात्मक इतिहास के कारण सामंतों का प्रभाव द्रष्टिगत। रामराज्य परिषद, जनसंघ व स्वतंत्र पार्टी सामन्तों द्वारा समर्थित

(vi) निर्दलीयों की उच्च संख्या व प्रथम विधानसभा चुनाव मे संख्या 35 तत्पश्चात द्वितीय मे 22 व 1971 तक निर्दलीयों की राजनीतिक प्रक्रिया मे उच्च भागीदारी बनी रही

(vii) निम्न मतदान व ग्रामीण परिवेश व अशिक्षा के कारण।

निष्कर्षतः उपरोक्त प्रथम चरण राजनीतिक प्रक्रिया के विकास व कांग्रेस के प्रभुत्व को स्थापित करता है।

5.5(Five½)
(Q.U1-C-13)

14. There is a viewpoint that the foreign policy of India is in a dilemma, i.e., between joining the 'developed North' or leading the 'developing South'. Analyse this viewpoint with plausible arguments.

एक दृष्टिकोण है कि भारतीय विदेश नीति दुविधा में है, यथा भारत 'विकसित उत्तर' से जुड़े अथवा 'दक्षिण के विकासशील' देशों का नेतृत्व करे। उपर्युक्त कथन का विश्लेषण समुचित तर्कों के साथ कीजिए।

मत के अनुसार भारत एक तरफ तकनीकी व आर्थिक विकास हेतु विकसित उत्तर से जुड़ना चाहता है जैसे I2U2, USA-भारत संबंध, भारत-ई० यू० व्यापार समझौता। वहीं दूसरी ओर वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व का नेतृत्व भी करने का इच्छुक "अफ्रीकी संघ का समावेशन", पड़ोसी प्रथम BRICS.

→ भारत का दृष्टिकोण निर्गुट रहते हुए ध्रुवीकरण से बचते हुए बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का निर्माण करना है

(I) विकसित उत्तर के प्रति प्रतिबद्धता: भारत के व्यावहारिकतावादी विदेश नीति द्वारा स्थापित"

(i) विकसित उत्तर में भारत के रक्षा, तकनीकी व आर्थिक हित निहित

(ii) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, वैश्विक आर्थिक संस्थाओं में सुधार हेतु

## दक्षिण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता "सुरक्षा व आर्थिक हितों से निर्देशित

(i) वैश्विक दक्षिण के नेतृत्व हेतु सॉफ्ट पॉवर डिप्लोमेसी जैसे वैक्सीन सहायता, आपदा सहायता, प्रोजेक्ट मौसम

(ii) भारत की पड़ोसी प्रथम नीति का क्रियान्वयन व हिन्द-महासागर व हिन्द प्रशांत सागर में शांति व स्थिरता की स्थापना

(iii) - क्षेत्रीय सुरक्षा, सहयोग व सहअस्तित्व

## इस दुविधा का निराकरण भारत द्वारा बहुध्रुव निरपेक्षता विश्वमित्र की नीति के तहत किया जा रहा है जिससे भारत विकसित उत्तर व से संबंध व वैश्विक दक्षिण में नेतृत्व को साथ-2 में बनाए हुए है एवं जिससे दोनों एक दूसरे से पृथक अस्तित्व में विद्यमान है।

2(Two) (Q.01-C-14)

## Unit – II (65 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

15. Write the name of any two H.Q. of Directorates or Executive Departments of State Government located in Ajmer.

अजमेर में स्थित राज्य सरकार के किन्हीं दो निदेशालयों या कार्यकारी विभागों के मुख्यालय के नाम लिखिए।

(i) राजस्व मंडल, अजमेर
(ii) राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

0 (Zero)
(Q.U2-A-15)

16. What do you mean by sub-national government ?

उप–राष्ट्रीय सरकार से आप क्या समझते हैं ?

0 (Zero)
(Q.U2-A-16)

17. What is the main concern of Corporate Governance ?
कॉर्पोरेट गवर्नेंस का मुख्य सरोकार क्या है ?

कॉर्पोरेट गवर्नेंस का मुख्य सरोकार कॉर्पोरेट क्षेत्र में सत्यनिष्ठा, जवाबदेहिता, पारदर्शिता व नैतिकता की स्थापना करना व इसके लिए नैतिक सिद्धान्तों, मूल्यों व नियमकारी अवयवों से युक्त आचार संहिता का निर्माण करना है।

1(One)
(Q.U2-A-17)

18. Who is responsible to upload on the web portal of Rajya Sabha / Lok Sabha Secretariat the text version of answers to the questions asked in parliament ?
राज्यसभा/लोकसभा सचिवालय के वेब पोर्टल पर संसद में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के अंतिम स्वरूप को अपलोड करने हेतु कौन उत्तरदायी है ?

(i) संबंधित विभाग का शासन सचिव पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपलोड करने हेतु

1.5(One½)
(Q.U2-A-18)

19. What is the main function of State Election Commission ?
राज्य निर्वाचन आयोग का मुख्य कार्य क्या है ?

1.75(One¾)
(Q.U2-A-19)

(i) स्थानीय स्वशासन निकायों (नगरीय व ग्रामीण) के चुनाव सम्पन्न करवाना।
(ii) मतदाता सूचियों का निर्माण, अद्यतनीकरण
(iii) आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन
(iv) मतदाता जागरूकता व मतदाता सुविधा कार्यक्रमों का क्रियान्वयन
(v) भारत निर्वाचन आयोग के कार्यों में सहायता

Unit – II/Part – B

Marks : 25

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

20. Discuss the salient features of Change Management.

परिवर्तन प्रबंधन की प्रमुख विंशेषताओं की विवेचना कीजिए ।

परिवर्तन प्रबंधन से आशय संगठन ~~की~~ ~~रूप~~ में व्यवस्थित रूप से संरचनात्मक, प्रक्रियात्मक व व्यवहारात्मक परिवर्तन से है।

(विशेषताएं) (i) यह निरन्तर गतिशील प्रक्रिया अर्थात् आवश्यकतानुसार परिवर्तन व समायोजन जारी रहती है।

(ii) परिवर्तन का प्रबंधन उत्प्रेरक व अवरोधक शक्तियों द्वारा प्रभावित

(iii) परिवर्तन प्रबंधन के साधन - (a) प्रशासनिक सुधार, नवाचार (नूतनकनीक)

(iv) परिवर्तन प्रबन्धन बाजार प्रासंगिकता व आत्मजीविता में वृद्धि हेतु

(महत्व) (i) नवीन तकनीकी व नवाचारों का समावेश (ii) कार्मिकों के मनोबल में वृद्धि, (iii) संगठन की कार्यकुशलता व क्षमता में सुधार

1.5(One½)
(Q.U2-B-20)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

21. Analyse the concept of Legitimacy.

वैधता की अवधारणा का विश्लेषण कीजिए।

वैधता एक मनोवैज्ञानिक अवधारणा जो शासितों द्वारा शासन मे विश्वास व समर्थन के रूप मे प्रकट होती है

(i) वैधता शक्ति को प्राधिकार मे परिवर्तित करने का आधार है (ii) यह शक्ति प्रयोग पर विधिपूर्ण उत्तरदायित्व व जवाबदेही भी आरोपित करती है

वैधता का महत्व - (i) शक्ति प्रयोग की निरंकुशता पर अंकुश

(ii) प्रशासन मे जवाबदेहिता व उत्तरदायित्व

(iii) वैधता शासन व शासितों में सकारात्मक संबंध स्थापित करती है।

(iv) सत्ता के वैध रूप को व्यक्त होता है।

2(Two)
(Q.U2-B-21)

22. What are Seven Deadly Sins propounded by Mahatma Gandhi and why they are important ?

महात्मा गाँधी द्वारा प्रतिपादित सात प्रमुख बुराइयाँ क्या हैं तथा वे क्यों महत्वपूर्ण हैं ?

| | |
|---|---|
| (i) काम के बिना धन | (i) लापरवाही, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी पर रोक |
| (ii) त्याग के बिना पूजा | (ii) धार्मिक पाखण्ड, अंधविश्वास से मुक्ति |
| (iii) चरित्र के बिना ज्ञान | (iii) सच्चरित्रता, प्रशासनिक नैतिकता के विकास में, सत्यनिष्ठ प्रशासन |
| (iv) सिद्धान्त विहीन राजनीति | (iv) राजनीति के अपराधीकरण, दल बदल की राजनीति पर रोक |
| (v) मानवता के बिना विज्ञान | (v) नाभिकीय हथियार, कोरोना, डीपफेक इत्यादि समस्याओं के समाधि हेतु |
| (vi) अंतरात्मा बिना सुख | (vi) पोर्नोग्राफी, व्यभिचार पर रोक |
| (vii) नैतिकता विहीन वाणिज्य | (vii) जमाखोरी, कालाबाजारी पर रोक |

2.5(Two½)
(Q.U2-B-22)

23. Describe the duties of Chief Minister as mentioned in the Constitution of India & also underline the most important duty which makes him head of the Government.

भारत के संविधान में वर्णित मुख्यमंत्री के कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिए तथा उस प्रमुख कर्त्तव्य को रेखांकित कीजिए जो उसे शासन का मुखिया बनाता है।

अनु (167) मे मुख्यमंत्री के कर्तव्यों का उल्लेख - (i) राज्य के प्रशासन सम्बंधी विधायी व कार्यकारी विनिश्चयों की सूचना राज्यपाल को देना।

(ii) राज्यपाल द्वारा मांगने पर राज्य के कार्यकारी व विधायी विनिश्चयों की सूचना राज्यपाल को देना

(iii) यदि किसी प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद ने विचार नहीं किया किन्तु एक मंत्री ने लिया हो, राज्यपाल के आग्रह पर उसे मंत्री परिषद के समक्ष रखे

व अनु (163) के तहत राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सलाह से कार्य करता है जिसका प्रमुख मुख्यमंत्री - यह प्रावधान उसे सर्वोच्चता प्रदान

2.5(Two½)
(Q.U2-B-23)

24. Evaluate the provisions made in Article-315 of Constitution of India for State Public Service Commission.

भारत के संविधान के अनुच्छेद-315 में राज्य लोक सेवा आयोग के सम्बन्ध में वर्णित प्रावधानों का मूल्यांकन कीजिए।

अनु 315 के तहत प्रत्येक राज्य मे राज्य लोक सेवा आयोग होगा जिसमे 1 अध्यक्ष व राज्यपाल द्वारा निर्धारित संख्या मे अतिरिक्त सदस्य होंगे।

↳ अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाएगी

↳ इनका कार्यकाल 6 वर्ष / 62 वर्ष की उम्र जो भी पहले हो तब तक

↳ कुल सदस्यों के आधे सदस्यों को 10 वर्ष तक प्रशासनिक अनुभव हो

(a) सीमाए - (i) सदस्य संख्या का निर्धारण नहीं

(ii) सदस्यों की योग्यता का सीमित निर्धारण

(iii) सदस्यों को केवल राष्ट्रपति द्वारा ही हटाया जा सकता है।

सदस्य योग्यता व संख्या का निर्धारण, जवाबदेही सुनिश्चित कर सुदृढीकरण आवश्यक

1(One)
(Q.U2-B-24)

**Unit – II/Part – C** **Marks : 30**

**Note :** Answer **all** the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर 100-100 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं ।

25. Describe the formula of Graicunaz propounded for calculation of span of control and give mathematical solution of a situation when number of relations is 5.

नियंत्रण के क्षेत्र के सम्बन्ध में प्रतिपादित ग्रेकुनाज के फॉर्मूले का वर्णन कीजिए तथा यदि सम्बन्धों की संख्या 5 हो तो गणितीय हल कीजिए ।

नियंत्रण के क्षेत्र से अभिप्राय अधीनस्थों की (अधिकतम) संख्या से है जिन पर उच्चाधिकारी द्वारा कुशलतापूर्वक नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है

ग्रेकुनाज के अनुसार नियंत्रण का क्षेत्र वास्तव में "ध्यान का क्षेत्र है" प्रबन्धक को अधीनस्थों की संख्या पर नहीं बल्कि उनके मध्य बनने वाले संबंधों पर ध्यान केन्द्रित करना होता है

कुल तीन संबंध (I) प्रत्यक्ष संबंध (II) प्रत्यक्ष समूह संबंध (III) त्रिपक्षि संबंध

जब अधीनस्थों की संख्या गणितीय रूप से बढ़ती है तो संबंधों की संख्या ज्यामितीय रूप से बढ़ती है।

कुल संबंध फॉर्मूला → $n\left(\frac{2^n}{2} + (n-1)\right)$ (n) अधीनस्थ संख्या

जब अधीनस्थ संख्या 5 हो तो

→ $5\left(\frac{2^5}{2} + (5-1)\right]$

→ $5\left[\frac{32}{2} + 4\right)$ → $5(16+4)$

व 5 (20) व (100) यदि अधीनस्थों की संख्या 5 है तो बनने वाले संबंधों की संख्या (100) होगी। ग्रेकुनास के नियंत्रण की आदर्श संख्या (5) ही है।

व इसके पश्चात् अधीनस्थ बढ़ने पर संबंधों में अत्यधिक वृद्धि जबकि प्रबन्धक की कार्यभार में कमी तुलनात्मक रूप से कम।

6(Six)

(Q.U2-C-25)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

26. Critically analyse the forms and methods of judicial control in India.
भारत में न्यायिक नियंत्रण के रूप तथा प्रणालियों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

न्यायिक नियंत्रण से अभिप्राय न्यायपालिका द्वारा कार्यपालिका गतिविधियों के नियमन व नियंत्रण हेतु अपनाई गई विधियों से है।

साधन/रूप - (i) न्यायिक समीक्षा → अनु 13 संविधान के तहत न्यायिका को कार्यपालिका आदेश व कानूनों के नियमन व समीक्षा
(ii) सरकार के विरुद्ध अपील व अनु (300) के नागरिकों द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार के विरुद्ध भी अपील की जा सकती है
(iii) प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध अपील व प्रशासनिक अधिकारियों के व्यवहार व नियमों के विरुद्ध न्यायालय में अपील संभव
(iv) प्रदत्त व्यवस्थापिका समीक्षा → प्रदत्त व्यवस्थापन के तहत कार्यपालिका द्वारा निर्मित कानूनों व आदेशों की जाँच संभव
(v) जनहित याचिका → लोक हित के मुद्दों पर विशिष्ट याचिका के रूप में PIL स्वीकार
(vi) न्यायिक सक्रियता → न्यायपालिका द्वारा स्वयं आगे बढ़कर कार्यपालिका गतिविधियों पर नियंत्रण
(vii) असाधारण उपचार / रिट → बंदी प्रत्यक्षीकरण, अधिकार पृच्छा, उत्प्रेषण, प्रतिषेध, परमादेश आदि रिट

# सीमाएं - (i) न्याय प्रक्रिया महंगी व धीमी (ii) न्यायाधीशों के रिक्त पद (iii) लंबित मामलों के ढेर (iv) न्यायपालिका के पास तकनीकी भौतिक संसाधनों की अल्पता (v) कार्यपालिका-न्यायपालिका टकराव (vi) जनहित याचिका का अनुचित उपयोग (vii) न्यायिक भ्रष्टाचार, अंकल जज सिंड्रोम

# नियंत्रण का महत्व - (i) कार्यपालिका निरंकुशता पर अंकुश (ii) नागरिक अधिकारों की रक्षा व क्रियान्वयन (iii) कानून व व्यवस्था नियमन (iv) प्रशासनिक दक्षता

# अतएव शांति व्यवस्था को बनाए रखते हुए न्यायिक नियंत्रण को मजबूत करने की आवश्यकता है।

5.5(Five½)
(Q.U2-C-26)

27. Discuss the main points of the conflict between Generalists v/s Specialists. Also mention the recommendations given by First ARC in this regard.
सामान्यज्ञों बनाम विशेषज्ञों के मध्य टकराव के प्रमुख बिन्दुओं की विवेचना कीजिए। साथ ही इस क्रम में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा दी गई सिफारिशों का वर्णन कीजिए।

सामान्यज्ञ से अभिप्राय सामान्य शिक्षा प्राप्त प्रशासकों से व विशेषज्ञों से अभिप्राय विशेष। तकनीकी शिक्षा प्राप्त विशेषज्ञ प्रशासकों से है।

टकराव (i) उच्च प्रशासनिक पदों (सचिव स्तरीय) पर सामान्यज्ञों का नियन्त्रण, विशेषज्ञों का प्रतिनिधित्व नहीं
(ii) नीति निर्माण में विशेषज्ञों की भागीदारी नहीं.
(iii) सामान्यज्ञों द्वारा विशेषज्ञों के वार्षिक मूल्यांकन प्रपत्र में नकारात्मक टिप्पणियाँ
(iv) सामान्यज्ञों द्वारा विशेषज्ञों की सलाह पर ध्यान नहीं दिया जाता
(v) सामान्यज्ञों का विशेषज्ञों के प्रति उपेक्षापूर्ण व निरंकुश व्यवहार
(vi) सामान्यज्ञों द्वारा अतार्किक नीतियों का निर्माण जिनका क्रियान्वयन विशेषज्ञों को करना होता है
(vii) सामान्यज्ञों को अन्तः विभागीय स्थानान्तरण की सुविधा
(viii) सामान्यज्ञों का उच्च वेतन व तार्किक पदोन्नति व्यवस्था जबकि विशेषज्ञों को प्रदत्त नहीं
(ix) विशेषज्ञों की राजनीतिक निकटता सामान्यज्ञों से कम.

उक्त विवादों के सुलझाने हेतु ~~प्रथम~~ प्रशासनिक विभाग द्वारा ~~सेवाओं~~ निम्न सुझाव.
(1) सेवाओं का विभाजन ; (a) कार्यात्मक सेवा ~~→~~ कृषि, स्वास्थ्य केवल विशेषज्ञों की नियुक्ति
(b) सामान्य सेवा → कानून व व्यवस्था नियन्त्रण सामान्यज्ञों व विशेषज्ञ दोनों की नियु.
(2) नवीन अखिल भारतीय सेवाओं का सृजन - इंजिनियर सेवा, चिकित्सा सेवा
(3) तार्किक पदोन्नति व्यवस्था
(4) उच्च पदों पर भागीदारी में ~~वृद्धि~~।

4.5(Four½)
(Q.U2-C-27)

Paper-III 

## Unit – III (Section – A)

(20 Marks)

### Part – A

Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

28. Enlist the major achievements of the flag bearer from India in Paris Olympics 2024 opening ceremony.

पेरिस ओलम्पिक 2024 के उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक की प्रमुख उपलब्धियों को सूचीबद्ध करें।

पेरिस ओलम्पिक 2024 मे भारत के मुख्य ध्वजवाहक नीरज चोपड़ा, है। उपलब्धियां (i) 2020 टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण (ii) 2023 विश्व चैम्पियन शिप मे स्वर्ण (iii) 2023 एशियन गेम्स मे स्वर्ण मेजर ध्यानचन्द खेल रत्न पुरस्कार 2023 से सम्मानित

[0 (Zero) (Q.U3-A-A-28)]

29. Write the number of total 'Khelo India' centres in India with special reference to Rajasthan State with Sports discipline.

राजस्थान राज्य में संचालित खेलों के नाम सहित भारत में कुल 'खेलो इंडिया' केंद्रों की संख्या लिखें।

(i) कबड्डी (ii) बास्केटबाल (iii) क्रिकेट

(iv) फुटबाल (v) कुश्ती, (vi) बास्केटबाल

[0.75(Zero¾) (Q.U3-A-A-29)]

30. Which father and daughter duo from Rajasthan holds pride to receive Arjun award and in which game ?

राजस्थान राज्य की पिता पुत्री की किस जोड़ी को अर्जुन पुरस्कार प्राप्त हुआ एवं वह किस खेल से संबंधित हैं ?

द्विव्यकृति सिंह - घुड़सवारी
वीरेन्द्र सिंह

✗ 0 (Zero)
(Q.U3-A-A-30)

31. Enlist the major achievement of Rajasthan State's Divyakrati Singh in Sports.

राजस्थान राज्य की दिव्यकृति सिंह की खेलों में प्रमुख उपलब्धियाँ सूचीबद्ध कीजिए ।

दिव्यकृति सिंह राजस्थान जयपुर की निवासी, (घुड़सवारी खिलाड़ी) हाल ही एशियाई खेल 2023 में घुड़सवारी की ड्रेसेज टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता । 2023 अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित
2024 - राजस्थान रत्न

1.5(One½)
(Q.U3-A-A-31)

32. Define and write difference between sprain and strain.

मोच व खिंचाव को परिभाषित करते हुए इसके परस्पर अंतर को लिखिए ।

| मोच | खिंचाव |
| --- | --- |
| (i) यह अस्थिबंधों की चोट है | यह मांसपेशियों के चोट है |
| (ii) यह किसी भारी सामान से टकराने या अजय घटना के कारण | यह अत्याधिक भार वहन करने या निरंतर कार्य से पड़ता है |
| (iii) हड्डी टूटने की सम्भावना अधिक | अस्थियों पर कोई प्रभाव नहीं |

0.5(Zero½)
(Q.U3-A-A-32)

Paper-III

Marks : 10

Unit – III (Section – A)
Part – B

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

33. Write name of any ten verticals of "Khelo India" Scheme.
"खेलो इंडिया" योजना के किन्हीं दस कार्यक्षेत्रों के नाम लिखिए।

(i) जनजातीय खेलों को बढ़ावा
(ii) स्थानीय खेलों को बढ़ावा
(iii) ग्रामीण खेलों को बढ़ावा
(iv) साहसिक खेलों को बढ़ावा
(v) खेलों के संबंध में आधारभूत संरचना का विकास व संचालन
(vi) खेल संस्कृति को बढ़ावा व खेल को करियर विकल्प के रूप में
(vii) खेलों में वैज्ञानिक तकनीकी व आधुनिक प्रशिक्षण उपलब्ध
(viii) उत्कृष्ट खिलाड़ियों की पहचान व प्रशिक्षण, वित्त सहायता
(ix) पैरास्पोर्ट्स खिलाड़ियों का समावेशन
(x) महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा
(xi) खेलों के संबंध में जनजागरूकता कार्यक्रम

2.5(Two½)
(Q.U3-A-B-33)

34. "Janmoshadhi mantratapah Samadhija Siddhaya" is originated from which couplet of Yogsutra ? Elaborate the content included in it.
"जन्मौषधि मंत्रतपः समाधिजाः सिद्धयः" का उद्भव योगसूत्र के किस पद से है ? इसमें प्रयुक्त अवयवों की विवेचना कीजिए।

0 (Zero)
(Q.U3-A-B-34)

## Unit – III (Section – B)

(20 Marks)

### Part – A

Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं ।

35. What kind of competencies are identified as facets of Intelligence in the Indian tradition ?

भारतीय परम्परा में बुद्धि के पक्ष (पहलू) के रूप में पहचानी गई क्षमताओं के प्रकार कौन से हैं ?

भारतीय परम्परा में बुद्धि के (गुण) तीन पक्ष

(i) सत्व – सत्यवादी; सच्चरित्रता, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा

(ii) रज – तीव्र इच्छा; इन्द्रिय संतुष्टि का भाव, असंतोष, ईर्ष्या

(iii) तम – अहंकार; क्रोध, आलस्य, अवसाद

0 (Zero)
(Q.U3-B-A-35)

36. Define Intelligence as proposed by David Wechsler.

डेविड वेश्लर द्वारा प्रतिपादित बुद्धि को परिभाषित कीजिए ।

डेविड वेश्लैर के अनुसार व सविवेक चिंतन करने, सोद्देश्यपूर्ण व्यवहार करने व वातावरण के साथ प्रभावी समायोजन की समग्र क्षमता को बुद्धि कहते हैं।

1.25(One¼)
(Q.U3-B-A-36)

37. Write any two characteristics of analytical style of learning.

अधिगम की विश्लेषणात्मक शैली की कोई दो विशेषताएँ लिखिये ।

एडरसन द्वारा प्रतिपादित

(i) सूचनाओं का प्रसंस्करण (प्रक्रमण) छोटी 2 इकाइयों में क्रमबद्ध किया जाता है

(ii) संरचित व अनुक्रमिक चिंतन पाया जाता है

(iii) मौखिक व अमूर्त विषय सामग्री के प्रति अच्छी स्मृति क्षमता

(iv) शैक्षिक कार्यों में कार्योन्मुखता

1.75(One¾)
(Q.U3-B-A-37)

38. Explain Sensory Memory.

संवेदी स्मृति को समझाइये ।

संवेदी स्मृति व यह स्मृति का पहला चरण है। ज्ञानेन्द्रियों से सर्वप्रथम सूचनाएं इसी भाग में पहुंचती हैं।

⇒ इससे सूचनाएं मूल उद्दीपकों की प्रतिकृति होती है

⇒ क्षमता वृहद, समय सीमा - 1 sec तक

1.25(One¼)
(Q.U3-B-A-38)

39. Explain Forgetting due to trace decay.

चिह्न ह्रास के कारण हुये विस्मरण को समझाइये ।

एबिंगहास के अनुसार जब किसी सूचना का स्मरण किया जाता है तो मस्तिष्क में उससे संबंधित स्मृति चिह्नों का निर्माण होता है

व जैसे समय बीतता है अनभ्यास (प्रयोग के बिना) स्मृति चिह्नों का लोप होने लगता है, व सूचना विस्मृत हो जाती है

1.5(One½)
(Q.U3-B-A-39)

## Unit – III (Section – B)

### Part – B

**Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

40. Explain type A and type B personality as suggested by Friedman & Rosenman.

फ्रीडमैन एवं रोजेनमैन दुवारा सुझाये गये टाइप A और टाइप B व्यक्तित्व को समझाइये।

फ्रीडमैन-रोजेनमैन ने जैविक व मनोवैज्ञानिक विशेषताओं के आधार पर 2 प्रकार

| टाइप A | टाइप B |
|---|---|
| (i) बेचैन अनियंत्रित, शक्ति आलसी | (i) शांत शिथिल, धैर्यपूर्ण |
| (ii) कार्य को बोझ समझते हैं | (ii) कार्य धीरे २ व कुशलता पूर्वक पूर्ण |
| (iii) उत्तरदायित्व को टालते हैं | (iii) उत्तरदायित्व को स्वीकारते हैं |
| (iv) दबावपूर्ण स्थिति में बिखराव | (iv) दबाव का कुशलता से सामना |
| (v) निर्देशित होना पसंद करते हैं | (v) स्वनियंत्रित, स्व अभिप्रेरित |
| (vi) उच्च रक्तचाप, हृदय बीमारी कार्यक्षमता में कमी | (vi) शारीरिक व मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ |
| (vii) दुश्चिंता अवसाद अधिक | (vii) अभिप्रेरणा उत्सुकता अधिक |

0.5(Zero½)
(Q-U3-B-B-40)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखे

41. Distinguish between emotion focussed and problem focussed coping strategies to reduce stress.

तनाव को कम करने हेतु अपनाई जाने वाली संवेग केन्द्रित एवं समस्या केन्द्रित समायोजनात्मक रणनीतियों के मध्य अन्तर कीजिए।

# समस्या केन्द्रित उपाय व सीधे समस्या पर हमला, समस्या से संबंधित सूचना संग्रहण विश्लेषण व विकल्प निर्माण व व्यक्ति की जागरूकता व ज्ञान में वृद्धि व तनाव प्रबन्धन के संज्ञानात्मक व व्यवहारिक विकल्पों में वृद्धि होती है

उदाहरण:- समय सारणी निर्माण व क्रियान्वयन

# संवेग केन्द्रित ~~उपाय~~ रणनीति व समस्या को नियंत्रित करने के असफल प्रयास करते हुए समस्या से उत्पन्न सांवेगिक विकारों को नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है।

नकारात्मक व दबावपूर्ण विचारों का सकारात्मक व उद्देश्यपूर्ण विचारों से प्रतिस्थापित किया जाता है।

1.5(One½)
(Q.U3-B-B-41)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

## Unit – III (Section – C) (20 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं ।

42. The government of India received information in confidence from a foreign Government. Can it be asked under the R.T.I. Act, 2005 ?

भारत सरकार को किसी विदेशी सरकार से गोपनीय रूप से सूचना प्राप्त हुई । क्या सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत ऐसी सूचना की माँग की जा सकती है ?

नहीं। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत उक्त सूचना नहीं मांगी जा सकती। उक्त सूचना (विदेशी सरकार से गोपनीय सूचना) RTI Act 2005 की धारा (8) के तहत प्रतिबंधित अतः इस पर सूचना का अधिकार लागू नहीं

1.25(One¼)
(Q.U3-C-A-42)

43. What do you mean by the term 'private area' mentioned under the Information Technology Act, 2000 ?

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत उल्लेखित 'एकान्त भाग' पद से आप क्या समझते हैं ?

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के एकान्त भाग से आशय किसी निजी कम्प्यूटर, नेटवर्क या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से है। जिसका प्रयोग कर। जिसके प्रति साइबर अपराध हुआ है।

0 (Zero)
(Q.U3-C-A-43)

44. State the subject matter of copyright.
प्रतिलिप्यधिकार की विषय-वस्तु बताएँ।

यह एक एकाधिकार जो किसी रचनाकार को उसकी विशेष/मूल रचना - साहित्य, संगीत, कला, फिल्म के संबंध में प्राप्त होता है। यह आजीवन वैध व मृत्यु के 60 साल बाद तक बरकरार रहता है। रचनाकार की अनुमति के बिना रचना का व्यावसायिक उत्पादन प्रकाशन नहीं। कॉपीराइट संरक्षण अधिनियम 1957 द्वारा निर्मित

1(One)
(Q.U3-C-A-44)

45. What includes 'Children' under the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act, 2007 ?
माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत 'बच्चों' में क्या सम्मिलित है ?

1(One)
(Q.U3-C-A-45)

अधिनियम के अनुसार बच्चों से अभिप्राय वरिष्ठ नागरिकों व माता व पिता के संबंध में पुत्र या पुत्री (जैविक, सौतेला, दत्तक हो) इसमें दामाद, पुत्रवधु, पौत्र-पौत्री व अवयस्क बालकों के संरक्षक भी शामिल।

46. What are included under the term "Sexual abuse" in the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 ?
घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत "लैंगिक दुर्व्यवहार" पद के अन्तर्गत क्या सम्मिलित किया गया है ?

अधिनियम की धारा 3 के अनुसार लैंगिक दुर्व्यवहार से आशय
(i) महिला से जबरदस्ती यौन संबंध बनाना
(ii) अप्राकृतिक यौन संबंध
(iii) यौन संबंध जिससे महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचे - से है।

1.25(One¼)
(Q.U3-C-A-46)

## Unit – III (Section – C)

### Part – B

**Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

47. What is the legal status of a Hindu Idol ?

एक हिन्दू देवता (मूर्ति) की वैधानिक स्थिति क्या है ?

भारतीय विधि अवधारणा मे एक हिन्दू देवता / मूर्ति को वैधानिक व्यक्तित्व प्राप्त है।

(i) मूर्ति के अधिकार, हित, दायित्व निहित है

(ii) मूर्ति द्वारा / मूर्ति के विरुद्ध न्यायालय मे वाद दायर किया जा सकता है।

उदा- राम मंदिर मामले मे एक मुख्य पक्षकार "रामलला विराजमान"

(iii) विधिक व्यक्तित्व के रूप मे सम्पत्ति का अधिग्रहण व स्वयं प्रबंधन किया जा सकता है।

(iv) वैधानिक व्यक्तित्व के

2.5(Two½)
(Q.U3-C-B-47)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखे

48. What do you understand by the term "Sayar" under the Rajasthan Tenancy Act, 1955 ?

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत "सायर" पद से आप क्या समझते हैं ?

~~भूराजस्व~~ राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के अंतर्गत सायर पद से आशय
- भू स्वामी द्वारा अनधिवासित उसकी भूमि से
(i) वनस्पति - लकड़ी, फल, फूल, गोंद, इत्यादि प्राप्त करने
(ii) कूड़ा कचरा यथा गोबर, हड्डियां प्राप्त करने
(iii) मछली पकड़ने के अधिकार
(iv) सिंचाई हेतु पानी के उपयोग के
बदले उपयोगकर्ता द्वारा भूस्वामी को लगान / किराया
के रूप मे किए गए भुगतान से है।
सायर प्राप्त करना काश्तकार का अधिनियम के तहत
प्राथमिक अधिकार नहीं है।

3(Three)

(Q.U3-C-B-48)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

(250) 238 - 230

12

2×2×2×2×2×2

64

32×4

[128]

32×5

[160]

[800]